उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में सतर्कता–जागरूकता सप्ताह– 2013 का समापन

उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में ''सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2013'' का आज दिनांक 04/11/2013 को समापन हो गया। यह कार्यक्रम दिनांक 28/10/2013 से 02/11/2013 से तक मनाया गया। समापन समारोह में संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान) एवं कार्यालय प्रमुख महोदय श्री पी0 सुब्रमण्यम ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ0 राजाराम सिंह जी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अपने उद्‌बोधन में मुख्य अतिथि ने संस्थान के सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों से अपने शासकीय कार्यकलापों के

प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाये रखने हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहने की अपील की। इस सप्ताह में सतर्कता जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु **''उत्तम अभिशासन को बढ़ावा देने में सतर्कता का सकारात्मक योगदान''** नामक शीर्षक पर दिनांक 30/10/2013 को एक

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं शोधकर्ता छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि महोदय ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित कर पुरस्कृत किया एवं प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए। समारोह का सफल संचालन श्री अल्फ्रेड फ्रांसिस द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त प्रभागाध्यक्ष, वैज्ञानिकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं शोधार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही।